**CLASS : 12th** (Sr. Secondary) **Code No. 1203**

**Series : SS/Annual Exam.-2024**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

**SET : B**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** तथा प्रश्न **16** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*

## खण्ड – अ

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

जागो फिर एक बार !

समर अमर कर प्राण,

गान गाए महासिंधु-से

सिन्धु-नद तीरवासी !

सैन्धव तुरंगों पर

चतुरंग चमू संग;

''सवा-सवा लाख पर

एक को चढ़ाऊँगा

गोविन्द सिंह निज

नाम जब कहाऊँगा''

किसने सुनाया यह

वीर जन मोहन अति

दुर्जय संग्राम-राग

फाग का खेला रण

बारहों महीनों में ?

शेरों की माँद में

आया है आज स्यार।

(क) 'चतुरंग चमू' का अर्थ है :

(i) चार रंग का

(ii) चतुर व्यक्ति

(iii) चतुरंगिनी सेना

(iv) चार घोड़े

(ख) 'सैंधव तुरंगों' का अर्थ है :

(i) सेंध्या नमक

(ii) सिंधु की लहर

(iii) सिंधु देश के घोड़े

(iv) सिंधु नदी का सौंदर्य

(ग) 'स्यार' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(i) स्याह

(ii) विदेशी आक्रमणकारी

(iii) भारतीय जवान

(iv) सिंधु देश के वीर

(घ) किसको जाग्रत किया है ?

(i) अंग्रेजों को

(ii) भारतवासियों को

(iii) शेरों को

(iv) वीरों को

(ङ) 'सिंधु-नद तीरवासी' किसे कहा गया है ?

(i) भारतीयों को (ii) कश्मीरवासियों को

(iii) बंगलादेशवासियों को (iv) वीरों को

**अथवा**

धारण करना धैर्य विपद में, अरु उन्नति में क्षमा प्रदान।
और सभा में वाक्-चातुरी, समरांगण में शौर्य महान।।
गुरु-पद-नति शिर की शोभा है, और हाथ की शोभा दान।
सत्य वचन मुख की शोभा है, भुज दण्डों की शौर्य महान।।
उर की शोभा स्वच्छ वृत्ति है, शास्त्र श्रवण कानों की दिव्य।
सुजनों के ऐश्वर्य बिना भी हैं ये प्रिय ! आभूषण भव्य।।

(क) शीश की शोभा किसमें है ?

(i) समर्पण में (ii) ऊँचा उठाने में

(iii) गुरु के चरणों में झुकने में (iv) मुकुट धारण करने में

(ख) हृदय की शोभा किसमें है ?

(i) शास्त्र श्रवण में (ii) स्वच्छ वृत्ति में

(iii) महान शौर्य में (iv) भव्य आभूषणों में

(ग) दान देना किसकी शोभा है ?

(i) राजा की (ii) दानी की

(iii) हृदय की (iv) हस्त की

(घ) विपत्ति में क्या करना चाहिए ?

(i) धैर्य धारण करना (ii) मुकाबला

(iii) भागना (iv) चिंतन

(ङ) वाक्-चातुर्य की कहाँ आवश्यकता है ?

(i) युद्ध में (ii) शास्त्रों में

(iii) सभा में (iv) महापुरुषों में

**2.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

जल जीवन का आधार है। मनुष्य बिना भोजन के कुछ दिन, बिना जल के कुछ घंटे तथा बिना वायु के कुछ मिनटों तक ही जीवित रह सकता है। मनुष्य के जीवन में जल का विशेष महत्त्व है। जल की उपयोगिता अनेक हैं – घरेलू कामों, सिंचाई और औद्योगिक कामों में इसकी विशेष भूमिका रहती है। जल प्रदूषित न हो – इसके प्रति हम सभी को कठोरता से सचेत और जागरुक रहना चाहिए। प्रदूषित जल में अनेक प्रकार के स्वास्थ्यरोधक जीवाणु होते हैं जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से शारीरिक रोग के कारण बनते हैं। जल का कभी भी अपव्यय नहीं होना चाहिए। जल अपने में स्वयं एक पोषक पदार्थ है। साथ ही यह अनेक पोषक तत्त्वों का वाहक भी है। जल की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए, उसकी साफ-सफाई तथा उसके दुरुपयोग को रोकना हम सभी का नैतिक कर्त्तव्य हो जाता है।

(क) यहाँ 'अपव्यय' का क्या अर्थ है ?

(i) खर्च करना (ii) बचाना

(iii) आवश्यकता से अधिक खर्च करना (iv) खरीदना

(ख) जल की उपयोगिता के लिए क्या करें ?

(i) दुरुपयोग रोकें (ii) सदुपयोग रोकें

(iii) अपव्यय करें (iv) प्रयोग न करें

(ग) जल अपने आप में एक पोषक पदार्थ है :

(i) सत्य है (ii) असत्य है

(iii) अर्द्ध सत्य है (iv) उपर्युक्त सभी

(घ) किसके बिना मनुष्य कुछ मिनट ही जीवित रह सकता है ?

(i) भोजन (ii) जल

(iii) वायु (iv) समाज

(ङ) जल की उपयोगिता कहाँ-कहाँ होती है ?

(i) गृहकार्य में (ii) खेती-बाड़े में

(iii) उद्योग धन्धों में (iv) उपर्युक्त सभी में

**3.** गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'काले मेघा पानी दे' पाठ के लेखक में बचपन से ही कैसे संस्कार थे ?

(i) जैनी (ii) सनातनी

(iii) आर्यसमाजी (iv) नास्तिक

(ख) 'पहलवान की ढोलक' पाठ में परिस्थिति को ताड़ने की एक विशेष बुद्धि किसमें बताई है ?

(i) कुत्तों में (ii) सेवकों में

(iii) पहलवान में (iv) ढोलक में

(ग) पुराने कवि किसके पेड़ में दोलाओं को लगा देखना चाहते थे ?

(i) शिरीष (ii) आम

(iii) अशोक (iv) बकुल

(घ) लछमिन (भक्तिन) का विवाह किस गाँव में हुआ ?

(i) झूँसी (ii) हँडिया

(iii) श्योपुर (iv) महिषादल

(ङ) 'बाजार दर्शन' पाठ में फिजूल सामान को फिजूल समझने वाले लोगों को क्या कहा है ?

(i) मूर्ख (ii) संयमी

(iii) बुद्धिमान (iv) मितव्ययी

**4.** काव्य-खण्ड पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) परदे पर कीमती चीज क्या है ?

(i) चित्र (ii) अभिनय

(iii) शिक्षा (iv) वक्त

(ख) उषा का जादू किससे टूटने की बात कही गई है ?

(i) लाल केशर से (ii) भोर के नभ से

(iii) सूर्योदय से (iv) उपर्युक्त सभी से

(ग) 'बादल राग' कविता में 'आतंक-अंक' पर कौन काँप रहे हैं ?

(i) पौधे (ii) किसान

(iii) धनी (iv) बादल

(घ) थका पंथी क्या सोचकर जल्दी-जल्दी चलता है ?

(i) बच्चे प्रतीक्षा कर रहे हैं (ii) मंजिल दूर नहीं है

(iii) भूख लगी है (iv) थका हुआ है

(ङ) 'पतंग' कविता में लाल सवेरा को कैसा कहा गया है ?

(i) खरगोश की आँखों जैसा (ii) उजाला

(iii) कपास जैसा (iv) चमकीला

**5.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) किसी समाचार संगठन के लिए एक निश्चित मानदेय पर काम करने वाले पत्रकार को क्या कहते हैं ?

(i) पूर्णकालिक (ii) अंशकालिक

(iii) फ्रीलांसर (iv) उपर्युक्त सभी

(ख) छह ककारों में क्या आता है ?

(i) क्या-कब (ii) कौन-कहाँ

(iii) क्यों-कैसे (iv) उपर्युक्त सभी

(ग) रेडियो नाटक किस प्रकार का माध्यम है ?

(i) श्रव्य (ii) दृश्य

(iii) दृश्य-श्रव्य (iv) इनमें से कोई नहीं

(घ) भारत में गोवा में सबसे पहला छापाखाना कब खुला ?

(i) 1546 में (ii) 1556 में

(iii) 1566 में (iv) 1576 में

(ङ) भारत की पहली साइट कौन-सी है ?

(i) सीफी (ii) इंडियाइंफोलाइन

(iii) रीडिफ (iv) तहलका

**6.** ***'वितान (भाग - 2)'*** पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'जूझ' पाठ में लेखक दत्ता जी राव देसाई के घर किसके साथ गया ?

(i) माँ के (ii) दादा के

(iii) अध्यापक के (iv) मित्र के

(ख) 'जूझ' पाठ में मंत्री नामक मास्टर क्या विषय पढ़ाते थे ?

(i) हिन्दी (ii) संस्कृत

(iii) अंग्रेजी (iv) गणित

(ग) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ में बौद्ध स्तूप कितने फुट ऊँचे चबूतरे पर बना है ?

(i) 5 फुट (ii) 15 फुट

(iii) 25 फुट (iv) 35 फुट

(घ) 'यशोधर खुश होते हुए झेंपे और झेंपते हुए खुश हुए' – यह अदा उन्होंने किससे सीखी ?

(i) पत्नी से (ii) किशनदा से

(iii) पंत जी से (iv) चड्ढा जी से

(ङ) यशोधर बाबू दफ्तर से लौटते हुए रोज कौन-से मंदिर जाते हैं ?

(i) शंकराचार्य मंदिर (ii) राधाकृष्ण मंदिर

(iii) श्रीराम मंदिर (iv) बिड़ला मंदिर

**7.** ***'नैतिक शिक्षा'*** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) दुर्गा भाभी का जन्म कहाँ हुआ ?

(i) लखनऊ (ii) इलाहाबाद

(iii) लाहौर (iv) गाज़ियाबाद

(ख) सन् 1850 में मदनलाल ढींगरा का परिवार 'साहीवाल' छोड़कर कहाँ बस गया ?

(i) फिरोजपुर (ii) पेशावर

(iii) अमृतसर (iv) लाहौर

(ग) करतार सिंह सराबा को मृत्युदण्ड सुनाने वाले जज को उन्होंने क्या कहा ?

(i) आपका धन्यवाद

(ii) निर्णय गलत है

(iii) भारत माता की जय

(iv) पुनः विचार कीजिए

(घ) मानव कल्याण हेतु शुभ चिंतन करने वाले को वेदों में क्या कहा गया है ?

(i) ऋषि (ii) मानव

(iii) दानव (iv) देव

(ङ) सन् 1965 के युद्ध में पाकिस्तान ने पैटन टैंक किस देश से लिए ?

(i) रूस (ii) जर्मनी

(iii) अमेरिका (iv) चीन

**8.** व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** उत्तर चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

$1 \times 5 = 5$

(क) वाक्य शुद्ध है :

(i) कृपया करके शांत रहिए। (ii) कृपा शांत रहिए।

(iii) कृप्या शांत रहिए। (iv) कृपया शांत रहिए।

(ख) वाक्य अशुद्ध है :

(i) यह रचना उद्देश्यपूर्ण है। (ii) यह रचना सोद्देश्य है।

(iii) यह रचना सोद्देश्यपूर्ण है। (iv) यह रचना उद्देश्य सहित है।

(ग) 'आशीर्वाद' का सन्धि-विच्छेद है :

(i) आशीः + वाद (ii) आशीर + वाद

(iii) आशिः + वाद (iv) आशीवाः + द

(घ) 'दुः + तर' की संधि है :

(i) दुःतर (ii) दुष्तर

(iii) दुश्तर (iv) दुस्तर

(ङ) 'नीलकण्ठ' में समास है :

(i) बहुव्रीहि (ii) द्वन्द्व

(iii) द्विगु (iv) अव्ययीभाव

## खण्ड – ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

***नोट :*** 5 अंक, 3 अंक एवं 2 अंक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर क्रमशः **150, 60** एवं **40** शब्दों में दीजिए।

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

पर उस जादू की जकड़ से बचने का एक सीधा-सा उपाय है। वह यह कि बाजार जाओ तो खाली मन न हो। मन खाली हो, तब बाजार न जाओ। कहते हैं लू में जाना हो तो पानी पीकर जाना चाहिए। पानी भीतर हो, लू का लूपन व्यर्थ हो जाता है। मन लक्ष्य में भरा हो तो बाजार भी फैला-का-फैला ही रह जाएगा। तब वह घाव बिलकुल नहीं दे सकेगा, बल्कि कुछ आनंद ही देगा। तब बाजार तुमसे कृतार्थ होगा, क्योंकि तुम कुछ-न-कुछ सच्चा लाभ उसे दोगे। बाजार की असली कृतार्थता है आवश्यकता के समय काम आना।

(i) लू में जाते समय पानी क्यों पीते हैं ?

(ii) बाजार की सार्थकता किसमें है ?

(iii) बाजार हमें कब आनंद प्रदान करता है ?

(iv) उपर्युक्त गद्यांश के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(v) बाजार के जादू की जकड़ से कैसे बच सकते हैं ?

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सियारों का क्रंदन और पेचक की डरावनी आवाज कभी-कभी निस्तब्धता को अवश्य भंग कर देती थी। गाँव की झोंपड़ियों से कराहने और कै करने की आवाज, 'हरे राम ! हे भगवान !' की टेर अवश्य सुनाई पड़ती थी। बच्चे भी कभी-कभी निर्बल कण्ठों से 'माँ-माँ' पुकारकर रो पड़ते थे। पर इससे रात्रि की निस्तब्धता में विशेष बाधा नहीं पड़ती थी।

**10.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

जीर्ण बाहु, है शीर्ण शरीर,
तुझे बुलाता कृषक अधीर,
ऐ विप्लव के वीर !
चूस लिया है उसका सार,
हाड़-मात्र ही है आधार,
ऐ जीवन के पारावार !

(i) 'विप्लव के वीर' क्यों कहा गया है ?

(ii) 'जीवन के पारावार' क्यों कहा गया है ?

(iii) 'चूस लिया है उसका सार' से क्या तात्पर्य है ?

(iv) 'जीर्ण बाहु, शीर्ण शरीर' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(v) 'विप्लव के वीर' किसे कहा गया है ?

**अथवा**

निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सो अनुराग कहाँ अब भाई। उठहु न सुनि मम बच बिकलाई।।
जो जनतेऊँ बन बंधु बिछोहू। पितु बचन मनतेउँ नहिं ओहू।।

सुत बित नारि भवन परिवारा। होहिं जाहिं जग बारहिं बारा।।
अस बिचारि जिय जागहु ताता। मिलइ न जगत सहोदर भ्राता।।

**11.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए : 5

रेडियो नाटक की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

कहानी के नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार की मुख्य समस्या का सामना करना पड़ता है ?

**12.** काव्य-खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'बात सीधी थी पर' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है' विचार कीजिए। 2

**13.** ***'वितान (भाग - 2)'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) सिंधु-घाटी-क्षेत्र में सर्दियों में वातावरण कैसा होता है ? 2

(ख) 'सिल्वर वेडिंग' कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। 3

**14.** गद्य-खण्ड पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भक्तिन के चरित्र की किन्हीं ***चार*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

(ख) 'शिरीष के फूल' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 3

**15.** ***'नैतिक शिक्षा'*** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) पतंजलि के योगसूत्र में किन सद्गुणों का उल्लेख किया गया है ? 2

(ख) लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का चारित्रिक वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए। 3

**16.** व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) अव्ययीभाव समास की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 2

(ख) यमक अलंकार का लक्षण एवं उदाहरण दीजिए। 3